प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. **विधानसभा के मानसून सत्र का आज आखिरी दिन, सरकार की ओर से पेश किया जायेगा दिवंगत दिशोम गुरु को भारत रत्न देने का प्रस्ताव।**
2. **केन्द्र सरकार ने रेहड़ी–पटरी दुकानदारों को दी बड़ी सौगात, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को दी मंजूरी, ऋण सीमा में भी बढ़ोतरी।**
3. **कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने तीन साल के अंदर संशोधित झरिया मास्टर प्लान लागू करने की जतायी प्रतिबद्धता, स्थानीय लोगों को प्राथमिकता में रखने के निर्देश।**
4. **धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में आठ वर्षों बाद आया फैसला, पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत सभी 10 आरोपी बरी।**
5. **खेल दिवस पर रांची में कल से तीन दिवसीय खेल महोत्सव का होगा आयोजन, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों दी जायेगी तीन करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि।**

****

विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का आज आखिरी दिन है। आज सत्ता पक्ष की ओर से परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पेश करेंगे। गौरतलब है कि 22 अगस्त को सत्र के पहले ही दिन शोक प्रस्ताव के दौरान दिशोम गुरु को भारत रत्न देने की मांग उठी थी।

****

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री रेहडी–पटरी विक्रेता आत्मनिर्भर निधि–पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को स्वीकृति दे दी है। मंत्रिमंडल ने 31 दिसंबर 2024 से आगे की अवधि के विस्तार का भी अनुमोदन किया। इसे अब 31 मार्च, 2030 तक बढ़ा दिया गया है। योजना का कुल परिव्यय सात हजार 332 करोड़ रुपये है। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की बोली लगाने के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी है। संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटियों के साथ मेजबान सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने और बोली स्वीकार होने पर गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता देने को भी मंजूरी दी गई।

****

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। 28 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को गरीबों की दुष्चक्र से मुक्ति का उत्सव बताया था। एक रिपोर्ट–

****

झारखंड दौरे पर आये कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने तीन साल के अंदर संशोधित झरिया मास्टर प्लान लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। धनबाद में कल उपायुक्त आदित्य रंजन और बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान श्री दुबे ने कहा स्थानीय लोगों की प्राथमिकताओं और क्षेत्रीय सशक्तीकरण को केंद्र में रखते हुए आगे कदम बढ़ाने की जरूरत है।

****

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

****

धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की जघन्य हत्या में उनके चचेरे भाई व झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह सहित सभी 10 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया है। एमपी–एमएलए के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के न्यायालय ने धनबाद के इस चर्चित हत्याकांड में अपना फैसला सुनाया। अदालत के फैसले पर संजीव सिंह की पत्नी और झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था।

****

गढ़वा को नशामुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है।

****

गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिले को छोड़ कर राज्य के अन्य 20 जिलों में आज कहीं–कहीं वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने कल गोड्डा, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**********समाप्त**********